राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

# नागरिको को ''मौलिक अधिकारो'' के साथ ''मौलिक कर्तव्यों'' की जानकारी कराएः राज्यपाल

जयपुर, 24 फरवरी। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि देष के नागरिको को संविधान के ''मौलिक अधिकारो'' के साथ ''मौलिक कर्तव्यों'' की भी जानकारी कराना समय की मांग है जो कि संविधान का ही एक महतवपूर्ण हिस्सा है। इसमें पत्रकार एवं लेखक अपनी अहम् भूमिका अदा करे।

श्री मिश्र ने अपने ये उदगार सोमवार को मुम्बई के गरवारे क्लब के बैंक्वेट हाल में राजस्थान प्रेस क्लब, मुम्बई की ओर से ''राजस्थान के विकास में प्रवासी राजस्थानियो का योगदान'' विषय पर आयोजित संगोष्ठि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथी व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति कर्तव्यो का व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक नागरिक को पालन करना चाहिए इसी से न केवल राष्ट्र सषक्त होता है बल्कि आम जन का कल्याण भी इसमें निहीत है। वे कार्यक्रम में उपस्थित मुम्बई के प्रवासी राजस्थानी संगठनो के सैकडो पदाधिकारियो को सम्बोधित कर रहे थे।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि आज देष भर में राजस्थान के प्रवासी राजस्थानी ऐसे उदाहरण है जो कि अपनी मातृभूमि से दूर रहते हुए भी अपनी जडो से पीढियो से जुडे रह कर अपने क्षेत्र के क्रमबद्ध विकास में भगीदार बने हुए है। उन्होंने अपने सम्बोधन में राजस्थान के श्रेष्ठटतम जल संग्रहण, निरोगी राजस्थान, आयुष्मान भारत सहित अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओ की प्रषंसा की। साथ ही प्रवासी राजस्थानियो का आहवान किया कि वे इन सरकारी योजनाओ से जुड अपने क्षेत्र के लोगों का भला करे। उन्होंने राजस्थान को षौर्य, सौन्दर्य एवं कला का संगम बताया तथा उपस्थित पत्रकारो से अनुरोध किया कि वे राजस्थान आ कर प्रदेष के पर्यटन, इतिहास, तीर्थाटन सहित विभिन्न विषयो का अध्ययन कर लिखे ताकि देषवासी राजस्थान की विषेषताओ को जान सके। राज्यपाल ने उपस्थित प्रवासी राजस्थानियो को भारतीय संविधान की षपथ भी दिलाई, प्रियम्बल भी पढाया तथा इसे अधिकाधिक प्रचारित करते अपने व्यवहार में लाने की सलाह दी। राज्यपाल ने मुम्बई के वरिष्ठ प्रवासी राजस्थानी पत्रकार श्री निरन्जन परिहार का बहुमान भी किया।

कार्यक्रम को अखिल भारतीय प्रवासी महासंघ के अध्यक्ष श्री राज के. पुरोहित ने भी विषिष्ठ अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। इस अवसर पर विषिष्ठ अतिथि प्रमुख प्रवासी समाज सेवी श्री सी. के. सिंघानिया भी उपस्थित थे। राजस्थान मीटरगेज प्रवासी संघ के उपाध्यक्ष श्री सिद्धराज लोढा ने अपने संगठन के 40 वर्षो के प्रवासी राजस्थानियो के लिए किए गए संघर्ष के इतिहास का गौरव ग्रन्थ राज्यपाल को भेट किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राजस्थान प्रेस क्लब, मुम्बई के अध्यक्ष श्री नीरज दवे ने सभी का स्वागत किया तथा सचिव श्री कन्हैयालाल खण्डेलवाल ने संगठन का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम संयोजक श्री निरन्जन परिहार ने आभार व्यक्त किया। राजस्थान प्रेस क्लब के पदाधिकारियो ने राज्यपाल को षाल, साफा, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट भी किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सिमरन आहूजा एवं कवि दिनेष्वर माली ने किया।

---

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,**
**सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल**